सीआईएमपी में आईडीई बूटकैंप का हुआ उद्घाटन

पटना | चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने 17 फरवरी 2025 को 5 दिवसीय आईडीई बूटकैंप द्वितीय संस्करण शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई और इनोवेशन सेल (एमआईसी) के नेतृत्व वाली इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य पूरे भारत के छात्रों के बीच नया सोच, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता कौशल का पोषण करना है। राष्ट्रीयस्तर के उद्घाटन की अध्यक्षता नई दिल्ली में एआईसीटीई मुख्यालय से एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम ने की और आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया गया।

Dainik Bhaskar ! Page No - 04 ! Date - 19-02-2024 !

सीआईएमपी के आईडीई बूटकैंप में प्रतिभागियों का किया कौशल विकास

पटना (एसएनबी)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने 17 फरवरी 2025 को पांच दिवसीय आईडीई बूटकैंप द्वितीय संस्करण - चरण-टू के उद्घाटन समारोह की मेजबानी की। प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित और शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई और इनोवेशन सेल (एमआईसी) के नेतृत्व वाली इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य पूरे भारत के छात्र नव प्रवर्तकों के बीच नवीन सोच, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता कौशल का पोषण करना है। आईडीई बूटकैंप दूसरा संस्करण - चरण-टू का उद्घाटन 17 फरवरी 2025 को किया गया। राष्ट्रीय स्तर के उद्घाटन की अध्यक्षता नई दिल्ली में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम ने की। आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया गया। सीआईएमपी में स्थानीय उद्घाटन हथकरघा और रेशम उत्पादन निदेशालय, उद्योग विभाग से निखिल धनराज निप्पाणिकर, आईएएस, द्वारा किया गया था।

इस कार्यक्रम में कुमोद कुमार, सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अभिषेक रंजन, इनोवेशन सेल, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन अधिकारी, मदन मोहन शरण सिंह, प्रबंधक (आईपी और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण), शिक्षा मंत्रालय और इनोवेशन सेल, एआईसीटीई, सरकार भारत और सुश्री गौरी गोपीनाथ, वाधवानी फाउंडेशन की विशेषज्ञ भी मौजूद थे। जून 2023 में अपनी स्थापना के बाद से आईडीई बूटकैंप ने 35 बूटकैंप आयोजित करके महत्वपूर्ण प्रगति की है जिसमें 7,000 से अधिक छात्र नवप्रवर्तकों और संकाय सलाहकारों को प्रशिक्षित किया गया है। इन बूटकैम्प्स ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक कौशल के साथ, सशक्त बनाया गया।

सीआईएमपी में पांच दिनी बूटकैंप का उद्घाटन

पटना। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) में पांच दिवसीय आईडीई बूटकैंप द्वितीय संस्करण चरण-2 का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन ऑनलाइन एआसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीतारम व सीआईएमपी में स्थानीय उद्घाटन हथकरघा और रेशम उत्पादन निदेशालय उद्योग विभाग से निखिल धनराज निप्पाणिकर ने किया। सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार, इनोवेशन सेल के अभिषेक रंजन, मदन मोहन शरण सिंह, गौरी गोपीनाथ के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। बूटकैंप नवाचार सीखने और उत्पादों को बाजार के लिए तैयार करने का अनूठा अवसर देता है।

Hindustan ! Page No - 04 ! Date - 19-02-2024 !

सीआइएमपी में पांच दिवसीय बूटकैंप प्रारंभ

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में पांच दिवसीय आइडीई बूटकैंप द्वितीय संस्करण का शुभारंभ एआइसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीतारम व हथकरघा और रेशम उत्पादन निदेशालय के निदेशक निखिल धनराज निप्पाणिकर ने किया। मुख्य अतिथि आइएएस निखिल धनराज निप्पाणिकर ने कहा कि आप किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त हैं, किसी भी जोखिम से मुक्त हैं और ऐसे वातावरण में हैं जहां आप अपनी क्षमता की खोज और दोहन कर सकते हैं। यह आइडीई बूटकैंप आपके क्षितिज का विस्तार करने, नवाचार सीखने और अपने उत्पादों को बाजार के लिए तैयार करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। सीआइएमपी विद्यार्थियों के नवाचार को जमीन पर उतारने और उन्हें सफल बनाने के लिए कई स्तर पर सहयोग प्रदान करता है। इनोवेशन सेल के अभिषेक रंजन, मदन मोहन शरण सिंह, गौरी गोपीनाथ आदि ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

Dainik Jagran !
Page No - 02 !
Date - 19-02-2024 !